## पन्ना मोड़ से चांडक चौक तक कैसे आ गया ट्रक, खड़े हो रहे कई सवाल

# शहर घुस आया ट्रक, मचाया तांडव, सवालों के घेरे में पुलिसिया पहरेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मंगलवार को एक ट्रक बीच शहर में घुस आया। शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर नो एंट्री प्रभावशील है बावजूद इसके ट्रक शहर के अति व्यस्ततम क्षेत्र चांडक चौक तक आ पहुंचा। नशे में धुत ट्रक चालक ने चांडक चौक में जमकर तांडव मचाया। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक यूपी 25 डी टी 2729 दोपहर करीब तीन बजे पन्ना नाके पहुंचा। यहां नो एंट्री होने के बावजूद ट्रक चालक कुठला की तरफ बढ़ गया। इसके बाद नदीपार होते हुए चांडक चौक पहुँचा।



### ट्रक को लुढ़कता देख कांप उठे लोग

चांडक चौक में पहुंचते ही ट्रक ने करीब तीन कारों एवं एक आटो तो टक्कर मारते हुए तेजी से आगे बढ़ गया। ट्रक की टक्कर से वाहन क्षतिग्रस्त भी हो गए। इस घटना से यहां हड़कंप मच गया। ट्रक चालक तेजी से ब्रिज में चढ़ा इस बीच वह ट्रक से कूद गया और ट्रक तेज रफ्तार में वापस हुआ। गनीमत रही कि यहां ट्रैफिक जाम नहीं था वरना मंजर कुछ और होता। क्योंकि यहां घंटाघर मार्ग में कार्य चालू है। तेज रफ्तार से ट्रक को पीछे आता देख पुलिस कर्मियों उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन ट्रक में चालक नहीं था। भाग रहे ट्रक चालक को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। ट्रक की टक्कर लगने से दो पुलिस कर्मी भी घायल हुए जिनको उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी डॉ संतोष डेहरिया, कोतवाली टीआई आशीष शर्मा, यातायात टीआई राहुल पांडे पहुंच गए। इस घटना के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### ट्रक का शहर में आ जाना खड़े कर रहा कई सवाल

मंगलवार को जिस तरह से ट्रक ने तांडव मचाया उससे कई जाने जा सकती थी। ट्रक का शहर के अंदर आ जाना पुलिस की पहरेदारी पर ही सवाल खड़ा कर दिया है। पन्ना मोड़ में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती रहती है वहां से ट्रक कैसे आ गया इसके बाद बस स्टेण्ड चौकी पड़ती है यहां से भी ट्रक आगे बढ़ गया। जनचर्चाओं में तो पुलिस की साख पर सवाल खड़े होते रहे। ट्रक चांडक चौक पहुंचा और कारों को टक्कर मारते हुए ब्रिज के ऊपर चढ़ गया। इसके बाद चालक ट्रक से कूदकर भाग गया। बिना चालक के ट्रक तेजी से नीचे लुढ़का और फिर चांडक चौक तक आ पहुंचा। यह तो गनीमत रही कि कोई जन हानि नहीं हुई। होली पर्व के दौरान वैसे भी शहर में भीड़ भाड़ अधिक है और घंटाघर पहुंच मार्ग भी बाधित है जिससे चांडक चौक में दिन भर लोगों की भीड़ रहती है।

## खबर संक्षेप

### फांसी पर लटककर युवक ने की आत्महत्या

**उमरियापान।** थाना उमरियापान के मुड़िया पुरवा में एक युवक ने खेत में लगे पेड़ में फांसी पर झूलकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हैं। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि मुड़िया पुरवा निवासी सोमनाथ पिता स्व. वृंदावन खंगार (24) रविवार दोपहर 3 बजे घर से निकला था। जो देरशाम तक वापस नहीं आया।परिजनों ने यहां वहाँ तलाश किया,लेकिन कही पता नहीं चला। सोमवार सुबह खेत में लगे पेड़ में रस्सी के फंदे में युवक का शव लटकता मिला। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर लाश को फंदे से नीचे उतरवाया और शव परीक्षण के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। युवक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया, पुलिस इसकी विवेचना कर रही है।

### रोजगार मेले का आयोजन 17 मार्च को

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार संभाग स्तर पर वृहद युवा संगम जॉब फेयर (रोजगार मेला) अप्रेंटिसशिप मेला, स्वामी विवेकानंद कैरियर अवसर मेला एवं स्वरोजगार मेला संयुक्त रूप से शासकीय महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर में 17 मार्च 2025 को प्रातः 10:30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी कटनी डी.के.पासी ने बताया कि मेले में अनेक प्रकार की प्राइवेट कंपनियां उपस्थित रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी 17 मार्च 2025 को प्रातः 10:30 बजे अपने सभी अंक सूची, आधार कार्ड, निवासी एवं जाति प्रमाण पत्र , समग्र आई.डी, दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं रिज्यूम के साथ शासकीय महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर में उपस्थित होकर सम्मिलित हो सकते है।

### पात्रता पर्ची धारियों से ई-केवाईसी कराने की अपील

**कटनी।** शासन के आदेशानुसार जिले की सभी पात्रता पर्ची धारी जिन्हें शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता के द्वारा पोस मशीन से बायोमेट्रिक सत्यापन के माध्यम से राशन प्राप्त होता है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने सभी उपभोक्ताओं से ई-केवाईसी कराने की अपील की है। ऐसे सभी उपभोक्ताओं को अपनी अपनी पंचायत या वार्ड की शासकीय उचित मूल्य की दुकान में पोस मशीन के माध्यम से परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड ले जाकर एक वार ई-केवाईसी कराया जाना अनिवार्य है। ई-केवाईसी नहीं होने पर ऐसे उपभोक्ताओं का आगामी माह में राशन का आवंटन नहीं किया जायेगा।

### होली पर्व में दो दिन बंद रहेगा सुरम्य पार्क

**कटनी।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी होलिका दहन 13 मार्च व धुरेड़ी 14 मार्च को मनाया जाएगा । रंगों के इस पर्व में शांति व्यवस्था को देखते हुए नगर निगम आयुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा निगम द्वारा संचालित सुरम्य पार्क को दिनांक 14 व 15 मार्च को बंद रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं,त्योहार पर पार्क में किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्व द्वारा अप्रिय घटना की स्थिति उत्पन्न न हो इसको दृष्टिगत रखते हुए सुरम्य पार्क में पर्यटकों हेतु उक्त दो दिवस में प्रवेश पूर्णतः वर्जित होगा।

### ननि ने राजस्व वसूली में 7 वाँ स्थान किया हासिल

**कटनी।** शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में इस बार कटनी नगर निगम ने राजस्व वसूली के पिछले रिकॉर्ड तोड़ते हुए उच्चतम वसूली कर नया पायदान तय किया है। नगर निगम के राजस्व अधिकारी ने बताया कि नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को 2 करोड़ 35 लाख 81 हजार रुपए के टैक्स की वसूली की गई है ,जिसमें पूरे राजस्व एवम् जलकर दल द्वारा लगातार कर दाताओं से संपर्क करते हुए लगन के साथ कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप पिछले सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए लक्ष्यानुसार वसूली की जा सकी है । निगमायुक्त नीलेश दुबे ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु शेष समस्त करदाताओं से निर्धारित समयावधि 31 मार्च तक निगम के सभी करों को जमा करते हुए नगर विकास में सहयोग की अपील की है।



# कलेक्ट्रेट पहुंचे 129 लोगों ने बताई अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कटनी नगर एवं जिले के दूरदराज क्षेत्रों से पहुंचे लोगों के आवेदनों पर जिला अधिकारियों नें सुनवाई करते हुए आवेदन पर गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध निस्तारण करनें हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा एवं निधि सिंह गोहल, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी की मौजूदगी रही। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 129 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जागृति कॉलोनी निवासी कमला प्रसाद गर्ग द्वारा खसरे मे रकवा सुधार कराये जानें, बडगांव निवासी अंकित कुशवाहा पिता सत्यनारायण कुशवाहा द्वारा भूमि का नक्शा कटवानें उपरांत भूमि मुक्त करानें के संबंध में, ग्राम पंचायत चाका निवासी लल्लू यादव द्वारा नवीन विद्युत कनेक्शन प्रदान करने बावत तथा ग्राम करूवाकाप सकरीगढ़ निवासी राघवेन्द्र प्रसाद यादव पिता कल्लू प्रसाद यादव खसरा क्रमांक 94 एवं 100 के राजस्व सीमांकन में सीमा चिन्ह चांदों की मरम्मत करानें के संबंध में आवेदन दिया।

### कब्जा हटाने की मांग

कुलवीर सिंह द्वारा शासकीय रोड पर अतिक्रमण एवं अनुमति विपरीत किये गए निर्माण कार्य को हटानें की मांग की गई।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने औचक जांच कर की कार्रवाई

# पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर बॉटल एवं पाउच का निर्माण पाए जाने पर नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत शिकायत प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा मंगलवार 11 मार्च को ग्राम सिघनपुरी स्थित महक इंटरप्राइजेज की औचक जांच की गई।

जांच के दौरान उक्त प्लांट में पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर बॉटल एवं पाउच का निर्माण, पैकिंग करना पाए जाने पर मौके पर नेचर ड्यू ब्रांड पैकेज ड्रिंकिंग वाटर बॉटल एवं पाउच के नमूने लिए गए है। मौके पर लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में होली एवं रमजान पर्व के दृष्टिगत चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत देश भंडार स्वीट्स से खोवा बर्फी, गुझिया, बालूशाही , रसगुल्ला नमकीन वगैरह का सैंपल लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजने की कार्यवाही की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कारवाई की जाएगी। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार कटनी बी के मिश्रा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी सहित खाद्य सुरक्षा विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

### चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से करेगा बातचीत

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग ने कानून ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों की 30 अप्रैल, 2025 तक जानकारी मांगी है। आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सम्मेलन किया गया था। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्राप्त सुझावों पर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए थे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया है।

## विद्यार्थियों को स्वयं का प्रतिष्ठान खोलने दिया प्रशिक्षण



शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह एवं डॉ सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण आत्मनिर्भरस्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत स्वयं का प्रतिष्ठान स्थापित करने के लिए खोज मॉडलिंग स्टार्ट अपअस्तित्व सफलता अनुकूलन स्वतंत्रता एवं निकास आदि उद्यम निर्माण के चरणों की जानकारी दी गई व्यवसाय को एक स्थाई व्यवसायिक इकाई के रूप में विकसित करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। परियोजना प्रबंधन का उद्देश्य एक संपूर्ण परियोजना तैयार करना है जो ग्राहक के उद्देश्यों के अनुरूप हो परियोजना प्रबंधन दृष्टिकोण परियोजना गतिविधियों को प्रबंध करने और पूरा करने के लिए प्रक्रियाओं विधियों और उपकरणों का एक संग्रह प्रदान करते हैं वह निरंतरता सुनिश्चित करते हैं जटिलताओं को सरल बनाते हैं और जोखिम कम करते हैं।

# आदतन अपराधी पर हुई कड़ी कार्यवाही तीन माह के लिये किया गया निरूद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव ने बृजमोहन शर्मा पिता स्वर्गीय संतराम शर्मा उम्र 60 वर्ष निवासी मझगवां थाना बड़वारा जिला कटनी को सार्वजनिक व्यवस्था के अनुरक्षण के प्रतिकूल किसी भी रीति से कार्य करने से रोकने के अभिप्राय से राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 उपधारा 2 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 3 माह की अवधि के लिए निरूद्ध किया है।

जिला दंडाधिकारी श्री यादव द्वारा तदाशय के जारी आदेश के मुताबिक थाना बड़वारा क्षेत्र अंतर्गत बृजमोहन शर्मा एक आदतन आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति रहा है। वर्ष 2013 से आज तक आपराधिक जीवन व्यतीत कर रहा है इसके विरूद्ध 4 अपराध गुंडागर्दी कर मारपीट कर चोट पहुंचानें शासकीय संपत्ति की चोरी करने पंजीबद्ध है। बृजमोहन के विरूद्ध हाल ही में 28 फरवरी को अपने साथियों के साथ मिलकर शासकीय वेयरहाउस शाखा मझगवां से शासकीय संपत्ति की चोरी करने का मामला पुलिस थाना बड़वारा में पंजीबद्ध किया गया है। अपराध जगत में अपना वर्चस्व बनाने हेतु आपराधिक प्रवृत्ति के साथियों को शरण देना तथा उनके साथ मिलकर गैंग बनाकर थाना क्षेत्र में जाकर अपराध घटित करना इसकी आदत है। इसके आतंक से आम लोग भयभीत एवं त्रस्त है। इसे अपने साथियों सहित अनेक बार गिरफ्तार किया गया है। इसके विरुद्ध अनेक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। वह अपने आपराधिक कृत्यों से लोगों में भय एवं आतंक का वातावरण पैदा करता है और रोज नए-नए तरीकों से लगातार अपराध घटित करता आ रहा है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा अपराधी के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एन. एस. ए.) के अंतर्गत कार्यवाही करने हेतु जिला दण्डाधिकारी कटनी से पत्राचार किया गया। जिसके संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने लोक व्यवस्था व लोगों के हित में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही किया है।

## महाविद्यालय बरही में जन जातीय गौरव दिवस मनाया गया

# महाविद्यालय में व्याख्यान, प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

शासकीय महाविद्यालय बरही में प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ एस एस धुर्वे एवं सह- संयोजक डॉ शिवानी बर्मन के नेतृत्व मे जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया।

माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर जनजातीय समाज के वीरो के छायाचित्र मे माल्यार्पण करते हुए सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के माध्यम से सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ व बैच लगाकर स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम के अगले चरण में बाबूलाल दाहिया ने कविताओं के माध्यम से



आदिवासियों के महत्व पर प्रकाश डाला। अरविंद सिंह धुर्वे ने जनजातीय गौरव दिवस मनाने एवं वन संपदा एवं वन्यजीवों के संरक्षण के बारे में बताया। श्री सोहन लाल चौधरी ने जनजातियों के इतिहास के बारे में जानकारी दी। श्री जैनेंद्र द्विवेदी ने अपने वक्तव्य में बिरसा मुंडा जैसे महापुरुष के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

डॉ एस एस धुर्वे ने अंग्रेजी शासन के समय की कुरीतियां एवं शोषण के विषय में विस्तार से बताया। श्री अर्जुन सिंह मरकाम ने जनजातीय समाज पर अंग्रेजो की प्रताड़ना, जनजातियों की वीरगाथा एवं जन जंगल जमीन के नारे के बारे में बताया। इसी तरह पीयूष अग्रवाल ने जनजातियों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए जनजातीय गौरव दिवस के महत्व के बारे में बताया। प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी ने जनजातीय समाज पर शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। व्याख्यान के बाद स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया जाकर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो के माध्यम से कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ आर जी सिंह एवं आभार प्रदर्शन डॉ एस एस धुर्वे ने किया। कार्यक्रम के दौरान समस्त स्टाफ, एनएसएस स्वयंसेवको व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति एवं सहयोग रहा।

## तहसील प्रांगण बड़वारा में कलेक्टर नें सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें

# ग्रामीणों की समस्याओं का तत्परता से निराकरण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बड़वारा के तहसील प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान यहां बड़वारा के आस-पास के विभिन्न ग्रामों से जनसुनवाई में पहुंचे 151 आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए उनके आवेदन प्राप्त किये। इस दौरान प्राप्त आवेदनों को समय -सीमा में कार्यवाही हेतु दर्ज करते हुए संबंधित विभाग की ओर प्रेषित कर उनके यथोचित निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत भी उपस्थित रहे। तहसील प्रांगण बड़वारा में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कुल 151



ग्रामीणों ने आवेदन दिए।

जनुसनवाई के दौरान पहुंचे ग्राम बड़ेरा हार निवासी कृषकगण शिवकुमार एवं संतकुमार पटेल नें कलेक्टर यादव के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि ग्राम बड़ेराहार में 20 कृषक कृषि का कार्य करते है। ग्राम में विद्युत ट्रांसफार्मर नहीं होनें के कारण पानी की समस्या के चलते कृषकों की गेंहूं की फसल सूखनें की जानकारी दिये जानें पर कलेक्टर श्री यादव द्वारा विद्युत विभाग के एस.ई को ट्रांसफार्मर के संबंध में परीक्षण कर प्रतिवेदन देनें के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में 8 सेवानिवृत्त शिक्षकों ने कलेक्टर को आवेदन देकर अवगत कराया कि उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद तीन सौ दिवस का अर्जित अवकाश का नकदीकरण नहीं किया गया है।इस पर कलेक्टर ने इस आवेदन को समय-सीमा में निपटारे के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश देते हुए जिला पेंशन अधिकारी और डीईओ को प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। दिनेश सूर्यवंशी ने आवेदन में अवगत कराया कि विगत 2 वर्षों से कार्यरत अधिक स्कोर कार्ड धारक होने के बाद भी अतिथि शिक्षक के रूप में नहीं रखा गया। कलेक्टर ने डीईओ को इस मामले में प्रतिवेदन देने के निर्देश दिये हैं।

बिजली ठेकेदार विष्णु प्रसाद दुबे ने आवेदन देकर अवगत कराया कि पीडब्ल्यूडी भवन संभागीय कार्यालय कटनी द्वारा प्रदान किये गये कार्यादेशों के अनुसार वर्ष 2018-19 में विभिन्न स्थानों पर वाय विद्युतीकरण का संपादन किया गया था जिसके अनुबंध की 5 वर्ष की अवधि पूरी हो चुकी है। समयावधि पूर्ण होने के बाद भी परफॉर्मेंस गारंटी हेतु जमा की गयी सुरक्षा निधि का भुगतान नहीं किया गया है। कलेक्टर ने इस मामले में समय सीमा में परियोजना क्रियान्वयन इकाई लोकनिर्माण विभाग से प्रतिवेदन तलब किया है।

विलायतकला के शिवलाल कोल सहित 4 अन्य लोगों ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए कहा कि उनकी जमीन कटनी से शहडोल रोड में अधिग्रहित हो गयी है। लेकिन उन्हें अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। कलेक्टर ने इस मामले में अपर कलेक्टर को संबंधित रोड के भू-अर्जन प्रकरण को देखकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

# ग्लाइफोसेट एवं पैराक्वाईट के उपयोग से बचने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के कृषकों द्वारा रबी फसल की कटाई उपरांत मूंग की खेती का कार्य किया जाता है। जायद मूंग की फसल की कटाई के दौरान देखने में आया है कि कृषक मूंग की फसल को सूखाने के लिये ग्लाइफोसेट एवं पैराक्वाईट आदि हर्बीसाईड दवा का प्रयोग करते है, जिससे फसल आसानी से हार्वेस्टर से कटाई की जा सके। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास नें जानकारी देतेह हुए बताया कि ग्लाइफोसेट एवं पैराक्वाईट आदि हर्बीसाईड दवा का के अवशेष मूंग की फसल में रह जातें है परिणाम स्वरूप इसके दुषप्रभाव मनुष्यों के साथ-साथ पशु पक्षियों, मृदा एवं मृदा में उपस्थित सूक्ष्म जीवों पर भी पडता है। इन रासायनों के हानिकारक तत्व लंबे समय तक मृदा एवं जल में रहतें है जिसके परिणाम स्वरूप गंभीर बीमारिया जन्म लेती है। आपनें जिलें के कृषक बंधुओं से अपनी मूंग की फसल में वैज्ञानिक अनुशंसित मात्रा एवं रोग बीमारियों के आधार पर ही कीटनाशक खरपतवार नाशक दवाओं का प्रयोग करने का आग्रह किया है तथा कृषक भाईयों से मूंग की फसल में अनावश्यक रूप से कीटनाशक, खरपतवारनाशक दवाओं का प्रयोग नहीं करनें व ग्लाइफोसेट एवं पैराक्वाईट आदि हर्बीसाईड दवाओं प्रयोग करने से पूर्णतः बचनें की सलाह दी है।

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये अपने कृषि विस्तार अधिकारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 20 मार्च को

**कटनी।** जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया है कि गुरूवार 20 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट के कमरा नबर 125 में प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन किया गया है। जिसमें फ्रीडम एम्पलाए एबिलिटी एकेडमी द्वारा साक्षात्कार रखा गया है। प्लेसमेंट ड्राईव में योग्यता स्नातक से स्नाकोत्तर पास कम्प्यूटर एवं अंगेजी का ज्ञान रखने वाले आवेदक साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। ऐसे इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच हो 20 मार्च को सुबह 11 बजे से साक्षात्कार में उपस्थित हो सकतें है। साक्षात्कार हेतु अंकसूची, आधार कार्ड, 02 फोटो, पेनकार्ड एवं बायोडाटा साथ लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है। चयनित उम्मीदवारों को कन्हवारा, पहाडी, हिरवारा, जोहली, कौडिया, कैलवारा खुर्द, जरवाही, देवरी हटाई, पड़ुवा, चाका, पडरिया, कटंगी कलॉ, शाहपुरा, जॉबी कलों, बिचुआ, गुलवारा, जोहला आदि स्थानों पर कार्य करना होगा एवं प्रतिमाह 13 हजार रूपये वेतन दिया जायेगा।

### कन्या छात्रावास में महिला दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**कटनी।** नेहरु युवा केंद्र कटनी की जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर व लेखा, कार्यक्रम पर्यवेक्षक राजकुमार अग्रवाल के निर्देशन में शनिवार 8 मार्च को विश्व महिला दिवस कन्या छात्रावास बरगवा में मनाया गया। कार्यक्रम की अतिथि रंजीता पटेल ने सर्वप्रथम उपस्थित बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, विविध क्षेत्रो में स्वालम्बन, आर्थिक समृद्धि, महिलाओ के अधिकारों एवं कर्तव्यो के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर छात्रावास में उपस्थित बालिकाओ को सक्रिय ओर स्वस्थ जीवन शैली जीने, अपने फिटनेस और स्वास्थ के लिए हर दिन 30 मिनिट का समय निकालने और अपने परिवार के सदस्यों और पड़ोसियों को फिट और स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु अतिथि द्वारा शपथ दिलाई गई द्य महिला दिवस पर कुमारी रूबी राय अध्यक्ष पटौहा युवा मंडल के नेतृत्व में बालिकाओ द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई। सभी सहभागी युवाओं को कार्यक्रम के अतिथि अधीक्षिका रंजीता पटेल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में युवा मंडल के सदस्य आदि की उपस्थिति रही।

### चाकू लेकर घूम रहे दो व्यक्ति गिरफ्तार

**कटनी।।** कुठला पुलिस ने रीठी रोड़ सुखसागर ढाबा के पास कुंटल पारधी पिता नानका पारधी उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम कूड़ों का धारदार चाकू लिए पकड़ा हैं। इसी प्रकार ग्राम चनेहटा यात्री प्रतिक्षालय के पास साकीलाल पारधी पिता कुंजीलाल पारधी उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम कूड़ों के कब्जे से बकानुमा चाकू को जप्त किया गया । आरोपियों के विरुद्ध पृथक पृथक अपराध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विधि संगत कार्यवाही की गई है ।

### महिला के पास से 30 हजार की शराब जब्त

**कटनी।।** कुठला पुलिस ने भ्रमण के दौरान इन्द्रानगर बायपास यात्री, प्रतिक्षालय के पास एक महिला ठकरान पारधी पति हसीन पारधी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम हरदुआ मदार टेकरी के पास से 6 पेटी देशी प्लेन शराब कुल 54 लीटर कीमत 30,000 रुपये को जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई ।

### 21 हजार रूपए का गांजा जब्त, युवक गिरफ्तार

**कटनी।।** कुठला पुलिस ने एक युवक के पास से गांजा जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान इन्द्रानगर ब्रिज के पास रीठी रोड़ के पास पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति सन्जान पारधी पिता कोरचा पारधी 20 वर्ष निवासी पारधी मोहल्ली कूड़ो थाना कुठला को थैले के अंदर पन्नी में 2 किलो 121 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 21,000 रुपये का जब्त कर विधि संगत कार्यवाही की गई है । आरोपी को पकड़ने मे थाना प्रभारी कुठला राजेन्द्र मिश्र, एएसआई श्याम नारायण सिंह, प्रधान आरक्षक सुनील पाण्डेय, अजय यादव, हर्षुल मिश्रा की भूमिका रही है।

---

### मजबूर निगरानी तंत्र नहीं होने से जिले में धड़ल्ले से चल रही मिलावटखोरी

# दूध खोवा हो या मसाले और तेल, सब में चल रहा मिलावट का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अधिक प्राफिट के लिए लोगों को मिलावटी एवं अवमानक खाद्य पदार्थ बेचे जा रहे हैं। जिले में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जब प्रशासनिक कार्यवाही में इसके खुलासे हो चुके हैं। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में तेल से लेकर मसाले, दुग्ध पदार्थों से बनी चीजों में मिलावट का खेल चल रहा है। इस तरह यह कहा जा सकता है कि जो चीज आप खा रहे हैं, वह शुद्ध हो इसकी कोई गारंटी नहीं है। खान-पान की चीजों में मिलावट के रूप में लोगों को धीमा जहर परोसा जा रहा है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ सालों में मिलावटी, दूषित, घटिया और नकली ब्रांड वाले खाद्य पदार्थों की तादाद बढ़ी है। मजबूत निगरानी नहीं होने से मिलावट का यह खेल धड़ल्ले से चल रहा है।

खाद्य पदार्थों में मिलावट, नकली ब्रांड और घटिया गुणवत्ता के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। मुनाफाखोरी और व्यापार की प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट का यह खेल बेधड़क चल रहा है। दूध, मावा, घी, मसाले सहित खाने-पीने की अधिकांश चीजों में मिलावट की जा रही है। कंपनियों के उत्पाद भी गुणवत्ता के पैमाने पर खरे नहीं उतर रहे हैं। स्वास्थ्य व खाद्य विभाग में रस्म अदाएगी की कार्यवाही के चलते मिलावटखोरी पर लगाम कसने में नाकाम नजर आ रहे हैं। इसका खामियाजा मिलावटी चीजों को खा रहे आमजन को भुगतना पड़ रहा है, क्योंकि इनमें मौजूद हानिकारक रसायन तरह-तरह की बीमारियों का कारण बन जाते हैं।

खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी रोकने और गुणवत्ता स्तरीय बनाए रखने के लिए देश में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 लागू है, जिसमें जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान है। इसके बावजूद मोटे मुनाफे के लालच में मिलावट का यह धंधा धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। त्योहारी सीजन में तो खाद्य पदार्थों में मिलावट और घटिया गुणवत्ता का यह खेल चरम पर होता है।

#### जुर्माना वसूल कर इतिश्री

इसके अलावा फूड टेस्टिंग के लिए प्रयोगशालाएं भी नहीं हैं, जिसके कारण हजारों की तादाद में आने वाले सैम्पलों की कई महीनों तक जांच ही नहीं हो पाती। इस बीच मिलावटी और मिस ब्रांडेड खाद्य पदार्थ बेरोकटोक बाजार में बिकने के लिए आ जाते हैं। अधिकतर मामलों में दोष सिद्ध होने पर केवल जुर्माना वसूल कर ही इतिश्री कर ली जाती है। यही नहीं, खाद्य पदार्थों में हानिकारक रसायनों की मिलावट का मसला कई बार संसद में भी उठ चुका है लेकिन कोई ठोस समाधान निकलकर नहीं आया है। मिलावटखोरों को मौत की सजा के प्रावधान वाला विधेयक भी लंबित है। ऐसे में मिलावट को रोकने के लिए ठोस नीति बनाकर उसका उचित क्रियान्वयन कराने की जरूरत है।

#### शरीर पर दुष्प्रभाव, गंभीर बीमारियां

चिकित्सकों की माने तो मिलावटी खाद्य सामग्री से कई तरह की गंभीर बीमारियां होती हैं। मसलन, लिवर व किडनी की समस्या, पेट में गड़बड़ी, डायरिया, उल्टी, दस्त, जोड़ों में दर्द, पाचन तंत्र, रक्तचाप व हृदय संबंधी परेशानियां, फूड पॉइजनिंग, एनीमिया, त्वचा संबंधी बीमारियां आदि। कई दफा मिलावटी खाने से गर्भस्थ शिशु और मस्तिष्क तक को नुकसान पहुंचता है। सोचने की क्षमता भी प्रभावित होती है। मिलावटी खाद्य पदार्थों में सिंथेटिक उत्पाद होते हैं, जो एडिबल प्रोडक्ट तो होते नहीं है। इस वजह से एसिडिटी, अल्सर जैसी परेशानियां हो जाती हैं।

---



## 25 लाख से होगा पेवर ब्लॉक, बाउंड्रीवाल व शेड निर्माण कार्य

### महापौर, निगमाध्यक्ष एवं स्थानीय पार्षद की उपस्थिति में संपन्न हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड में विकास के क्रम में शनिवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी,निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं स्थानीय पार्षद विनोद लाला की गरिमामय उपस्थिति में वार्ड में स्थित मुक्तिधाम मैं शेड निर्माण,पेवर ब्लाक एवं अमीरगंज शासकीय भूमि में बाउंड्रीबाल कार्य का भूमिपूजन वार्ड की वरिष्ठ नागरिक सियाबाई विश्वकर्मा से संपन्न कराया गया।

महापौर सूरी द्वारा वार्ड वासियों को लगभग 25 लाख की लागत से होने जा रहे विकास कार्य की सौगात दी गई है।उन्होंने वार्ड में महिला दिवस पर सभी को शुभकामनाएं प्रेषित कर भाजपा की जनकल्याणी योजनाओं से भी नागरिकों को अवगत कराया।

वार्ड वसियों द्वारा स्थानीय पार्षद विनोद लाला यादव के कार्य को भी सराहते हुए महापौर,निगमाध्यक्ष एवं स्थानीय पार्षद को पुष्प गुच्छ भेंट कर विकास कार्य के माध्यम से नागरिक सुविधा को सुलभ करने हेतु धन्यवाद प्रेषित कर आभार व्यक्त किया।

भूमि पूजन के इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक,एमआईसी मेंबर सुभाष साहू,डॉ रमेश सोनी,जयनारायण निषाद,सुरेंद्र गुप्ता,गोविंद चावला, पार्षद शशिकांत तिवारी उपयंत्री जे.पी सिंह बघेल सहित वार्ड के नागरिकों की उपस्थिति रही।

---

### कलेक्टर जनता की समस्याओं को सुन करेंगे निराकरण

## स्लीमनाबाद में आज होगा लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल के अंतर्गत लोक सुनवाई सह जनसुनवाई कार्यक्रम का दूसरा आयोजन बुधवार 12 मार्च को बहोरीबंद जनपद पंचायत के स्लीमनाबाद में आयोजित होगा। लोक सुनवाई का पहला आयोजन ग्राम पंचायत कन्हवारा में आयोजित किया गया था। जहां कलेक्टर श्री यादव स्वयं मौजूद रहकर, 86 लोगों से रू-ब-रू होकर अधिकारयों का समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा - निर्देश दिये थे। जिले के अलग-अलग स्थानों में कुल 13 लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होंगे।

#### अधिकारी रहेंगे उपस्थित

जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इस अभिनव पहल के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर श्री यादव सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी,एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके लिए कलेक्टर श्री यादव ने सभी की उपस्थिति के लिए विधिवत निर्देश भी जारी कर दिया है।

दूसरी लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन बहोरीबंद जनपद पंचायत के स्लीमनाबाद में बुधवार 12 मार्च को आयोजित होगा। इसी प्रकार गुरूवार 20 मार्च को बडवारा के विलायतकला, बुधवार 26 मार्च को विजयराघवगढ़ के भैसवाही में, गुरुवार 3 अप्रैल को ढीमरखेड़ा के खम्हरिया में, बुधवार 9 अप्रैल को रीठी विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव में, गुरुवार 17 अप्रैल को कटनी विकासखंड के ग्राम पंचायत पहाड़ी में और गुरुवार 24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसके अलावा गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़ियि में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

---

### निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की हो रही अनदेखी



बरही नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उन्नयन होकर सिविल अस्पताल की सौगात बरही तहसील को मिली है। करोड़ों की लागत से अस्पताल भवन का निर्माण चल रहा है लेकिन निर्माण में गुणवत्ता मानको का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। क्षेत्रीय जनों का कहना है कि निर्माण कार्य के प्रारंभ से ही मानको का पालन नहीं किया जा रहा है। कुछ महीने पहले एक पिल्लर भी टेढ़ा हो गया था उसमें लीपापोती करके सीधा कर लिया गया। गुणवत्ता हीन निर्माण होने की जानकारी दिये जाने के बाद भी जिम्मेदारों के द्वारा जांच नहीं की गई। अब अस्पताल की बाउंड्री निर्माण में तो हद ही हो गई। मसाला में नाम मात्र की सीमेंट मिलाई जा रही है। इंजीनियर का कहना हमारा जो काम चल रहा है वह ठीक है। जबकि निर्माण कार्य में लगे लोगों का कहना है कि मसाला में सीमेंट नाममात्र की है।

---

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना: युवाओं को शीर्ष कंपनियों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अनूठा अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

'प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना' युवाओं को भारत की शीर्ष कंपनियों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अनूठा अवसर प्रदान करती है, जो उनके कौशल और रोजगार योग्यता को सशक्त बनाएगी। योजना में 12 माह की इंटर्नशिप से युवाओं को उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण मिलेगा और भविष्य में रोज़गार के अवसर भी सुलभ होंगे। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले के युवाओं से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का लाभ लेने की अपील की है। योजना में शामिल होने 12 मार्च तक आवेदन किये जा सकते है।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना युवाओं को रोजगारपरक बनाने के लिये केन्द्रीय कारपोरेट कार्य मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है, जिससे उन्हें वास्तविक कार्यानुभव प्राप्त हो सके और व्यावसायिक कौशल में वृद्धि के साथ ही इंटर्नशिप के दौरान उद्योग उन्मुख प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीक एवं प्रक्रिया के माध्यम से प्रशिक्षण एवं नियमित रोजगार प्राप्त करने की योग्यता अर्जित करने का अवसर प्राप्त होगा।

योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को व्यावसायिक वातावरण से परिचित करवाना है। इंटर्नशिप के दौरान उन्हें उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीक और प्रक्रियाओं के माध्यम से ज्ञान अर्जित करने का अवसर मिलेगा। यह योजना युवाओं को न सिर्फ कार्यकुशल बनाएगी साथ ही उन्हें भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त करने में भी सहायता करेगी।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 21 से 24 वर्ष के युवा पात्र होंगे, जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10वीं या उससे अधिक हो। चयनित युवाओं को इंटर्नशिप की अवधि में 5 हजार रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड और इंटर्नशिप पूर्ण होने पर एकमुश्त 6 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम 12 माह का होगा।

युवाओं को योजना का लाभ उठाने के लिए पंजीयन लिंक https://pminternship.mca.gov.in पर जाकर आवेदन करना होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 मार्च 2025 निर्धारित की गई है।

---

### स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग पूरी नहीं हो पाने से लोगों में आक्रोश

## कई बार हो चुके हैं हादसे, मांग पूरी नहीं होने पर लोगों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



तिलक कॉलेज से एनकेजे की ओर जाने वाली रोड पर रेलवे, एलएँनटी क़े भारी वाहनों क़े आलावा रेत से लोड भारी भरकम हाइवा दिन भर निकलते है। पूर्व मे इस रोड मे कई सड़क दुर्घटना भी हो चुकी है। वार्ड वासी लम्बे समय से इस रोड मे स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग क़र रहे थे। जिसको लेकर वार्ड वासिओ ने नगर निगम मे कई बार आवेदन भी दिए परन्तु ज़ब नगर निगम प्रशासन ने उनकी मांग की ओर ध्यान नहीं दिया।

सोमवार की शाम वार्ड वासिओ ने समाज सेवी युवाओं क़े साथ मिलकर तिलक कॉलेज क़े समीप राम जानकी हनुमान वार्ड मे सड़को मे बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। नगर निगम क़े सब इंजिनियर अश्वनी पाण्डेय ने प्रदर्शनकारिओ से बात क़र जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर बनवाने का आश्वासन दिया तब जाकर प्रदर्शन समाप्त हुआ हुआ। वार्डवासिओ का कहना है की तिलक कॉलेज से एनकेजे की ओर जाने वाली मे सड़क मे दिन भर हाईवा तेज रफ्तार से निकलते है।

इसी रोड मे स्कूल ओर कॉलेज भी स्तिथ है। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

इसके पूर्व भी कई बड़ी दुर्घटना होतें होते बची है।वार्ड वासिओ द्वारा इस रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग काफी समय से की जाती रही है। नगर निगम मे स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग को लकेर आवेदन भी दिए गये परन्तु नगर निगम प्रशासन ने मांग पर ध्यान नहीं दिया।

गत शाम समाज सेवी युवाओं क़े साथ मिलकर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। नगर निगन क़े सब इंजीनियर द्वारा जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर बनवाने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि अगर जल्द जल्द स्पीड ब्रेकर नहीं बनाये जाते तो समस्त वार्डवासी नगर निगम क़े सामने उग्र आंदोलन करेंगे।

---

### नगर निगम में 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर का आयोजन

## नि-क्षय शिविर को सफल बनाने में भागीदारी सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें नगरपालिक निगम कटनी के एम.आई.सी हाल पहुंच कर राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर में दिलाई शपथ, कराया परीक्षण, जनप्रतिनिधि, जिला क्षय अधिकारी सहित नगरपालिक निगम के अधिकारियों कर्मचारियों की रही उपस्थिति । श्री पाठक नें कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अक्सर गंभीर समस्याओं के समाधान और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में जनभागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया जाता है । प्रधानमंत्री ने इस बीमारी को खत्म करने के वैश्विक लक्ष्य से पांच साल पहले यानी 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है।

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें कहा कि,टीबी, जिसे कभी लाइलाज माना जाता था, अब केन्द्र सरकार के सघन और समर्पित प्रयासों से समाप्ति के करीब है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएमटीबीएमबीए) का मकसद, टीबी रोगियों को सामुदायिक सहायता प्रदान करना है,इस अभियान के जरिए, टीबी से पीड़ित लोगों और उनके परिवारों को पोषण, निदान, और व्यावसायिक सहायता दी जाती है,भारत सरकार ने 2025 तक टीबी को खत्म करने का लक्ष्य रखा है,इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, निदान, इलाज, और सहायता सेवाओं को केन्द्र सरकार द्वारा बढ़ाया जा रहा है,टीबी से जुड़े भ्रमों को दूर करने और लोगों में जागरूकता पैदा करने पर जोर दिया जा रहा है,इलाज के लिए सरकार की तरफ़ से टीबी रोगियों को नि-क्षय पोषण योजना (एनपीवाई) के तहत 3,000 से 6,000 रुपये तक का पोषण समर्थन प्राप्त होता है साथ ही टीबी से जुड़ी जानकारी के लिए, टोलफ्री नंबर 1800-11-6666 पर कॉल किया जा सकता है। आयोजित शिविर में निगम के अधिकारियों कर्मचारियों नें कराया परिक्षण ।

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें आमजन से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने के साथ 100 दिनों में टीबी की व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग, जाँच, उपचार और जन-जागरूकता को सुनिश्चित करनें की अपील की है। साथ ही अभियान को सफल बनाने के लिए अपना योगदान देनें की बात कही ।

इस दौरान जिला योजना समिति सदस्य शशिकांत तिवारी, एम.आई.सी सदस्य गोविंद चावला, प्र.कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, प्र.सहा.यंत्री आदेश जैन,उपयंत्री जे.पी.बघेल, राज किशोर यादव,श सुनील पाठक आदि उपस्थित रहे।

---

### शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने, सार्वजनिक स्थलों में शराब पीने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की है। कार्यवाही के दौरान 18 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए करीब 32 लोगे के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय का रास्ता दिखाया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन एवं अति पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल को होली त्योहार मे शांतिपूर्ण रूप से बनाने हेतु आवश्यक गाईडलाईन बताया जाकर अवैध रूप से सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले, अवैध शराब बिक्री करने वाले, अवैध रूप से शराब पिलाने वाले व्यक्तियो के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिनके आदेश के पालन मे टीम गठित कर अलग अलग जगहो मे दबिश दी गई जो कुल 32 लोगो के विरूध्द 18 प्रकरण आबकारी एक्ट के तहत पंजीबध्द किया जाकर न्यायालय भेजा गया है।

---

## होली पर्व में व्यवस्थाएं बनाए रखने सौंपे दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी 13 मार्च होलिका दहन,14 मार्च को धुरेड़ी एवं 16 मार्च को भाईदूज त्यौहार उत्साह उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इन पर्वों पर सतर्कता एवं संवेदनशीलता बनाए रखने के साथ-साथ जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कटनी नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने आदेश जारी करते हुए सभी विभागों के संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है। नगर निगम द्वारा होली पर्व की संपूर्ण व्यवस्थाओं निगरानी के लिए पवन अहिरवार उपायुक्त को प्रभारी अधिकारी व राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

आयुक्त ने होली पर्व को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी सार्वजनिक स्थलों एवं वार्डों में बंद स्ट्रीट लाइट को चालू कराते हुए प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने,परंपरागत स्थान एवं मांग होने पर टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति करने ,मुख्य मार्ग स्थान गली मोहल्ला जहां पर होलिका दहन किया जाना है वहाँ विशेष साफ सफाई चूने की लाइन व दुर्घटनाओं पर नियंत्रण रखने हेतु फायर ब्रिगेड वाहन को 24 घंटे तैयार रखते हेतु होलिका दहन डामरीकृत/सीमेंटीकृत सड़कों में ना हो इस हेतु समितियों से संपर्क कर होली दहन के स्थानों में मिट्टी रेत की व्यवस्था किए जाने के साथ साथ होलिका दहन सड़क के मध्य या विद्युत पोल के समीप ना हो इस हेतु अतिक्रमण दस्ते को शहर में निरंतर पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। निगमायुक्त ने नागरिकों होली को शांतिपूर्वक मनाए जाने अपील की है।

खबर संक्षेप

## कृषि पद्धति सीखने के लिए भेजा गया राज्य से बाहर

**दमोह।** एक जिला एक उत्पाद योजना के क्रियान्वयन हेतु राज्य के बाहर कृषक भ्रमण के लिए दमोह जिले के कृषकों को उन्नत किस्म की कृषि पद्धति सीखने के उद्देश्य से रवाना किया गया। इस दौरान गौरव पटेल ने हरी झंडी दिखाकर कृषकों को रवाना किया। श्री पटेल ने कहा कृषकों को बेहतर कृषि की उन्नत तकनीक सीखने के उद्देश्य से राज्य सरकार और केंद्र सरकार का यह प्रयास सराहनीय है। इस संबंध में उपसंचालक कृषि जे एल प्रजापति ने बताया कृषकों को दमोह से ललितपुर भेजा गया है। कृषक 13 मार्च को ललितपुर से झांसी जाएंगे और प्रशिक्षण लेंगे। इसी प्रकार 15 से 16 मार्च तक झांसी से कानपुर जाएंगे तथा 17 मार्च को कानपुर से दमोह वापस आएंगे।

## सात दिवसीय राम धुन का हुआ समापन

**पन्ना।** जिले के हरसा वगोहा ग्राम में सिद्ध महात्मा ग्रहस्त संत के द्वारा लगभग 25 से 30 वर्षों से अखंड रामधन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें उनके सभी शिष्यगण और भक्तजन बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 4 मार्च 2025 से साथ दिवसीय अखंड रामधन का आयोजन किया गया है।

### कॉलर आईडी से ली जा रही लोकेशन

# पेंच से नौरादेही लाई गई बाघिन ने तेंदूखेड़ा के जंगल में डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



पेंच टाइगर रिजर्व से नौरादेही अभ्यारण्य में छोड़ी गई बाघिन मस्तानी ने दमोह जिले की ओर अपना मूवमेंट कर लिया है। वह पिछले तीन दिन से तेंदूखेड़ा ब्लॉक के जंगलों में घूम रही है जिसकी निगरानी और खोजबीन में पूरा वन आमला लगा हुआ है। बाघिन एन 6 पेंच टाइगर रिजर्व में जंगली सूअर का शिकार करते समय कुएं में गिर गई थी। जिसका रेक्स्यू करने के बाद वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया था

बाघिन नौरादेही अभ्यारण की रेंजों में लगातार शिकार करती रही और इधर उधर घूमकर अपना ठिकाना बनाने का प्रयास कर रही थी करीब बीस दिन बाद अचानक बाघिन नौरादेही अभ्यारण्य से निकल कर तेंदूखेडा दमोह वनमण्डल के अधीन आने वाली रेंजों में आ गई है बता दें कि चार फरवरी की सुबह सुबह बाघिन एक जंगली सूअर का शिकार करते हुये किसान के निजी कुएं में गिर गई थी उसका रेस्क्यू किया गया। उसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बाघिन को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नौरादेही में छोड़ा गया था। एक महीने तक बाघिन नौरादेही के जंगलों में भ्रमण करती रही। अधिकारियों को लगा कि बाघिन अब यही रुकेगी, लेकिन तीन दिन पहले बाघिन ने नौरादेही रेंज की सीमा छोड़ दी और दो दिन से दमोह जिले की सीमा में घूम रही है। टाइगर रिजर्व का अमला उसकी लोकेशन ले रहा है और निगरानी में लगा हुआ है, लेकिन बाघिन लगातार ठिकाने बदल रही है। अंतिम लोकेशन उसकी तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के जंगलों में सोमवार को मिली

### यहां घूम रही बाघिन

सोमवार को तेंदूखेडा ब्लाक में बाघिन एन 6 की लोकेशन मिलनी शुरू हुई टाइगर रिजर्व का अमला बाघिन की निगरानी में लगा है। साथ साथ ही दमोह जिले का अमला भी ग्रामीण क्षेत्र में बाघिन के प्रति लोगों को जागरूक कर रहा है।

सूत्रों के अनुसार सोमवार को बाघिन की पहली लोकेशन तेंदूखेडा वन परिक्षेत्र के जंगली क्षेत्रों में मिली। वनअमला बहेरिया के समीप पहरा देता रहा, लेकिन बाघिन नहीं मिली उसके बाद बाघिन तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के जंगली क्षेत्र में पहुंच गई और मंगलवार को बाघिन की लोकेशन तेजगढ़ तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के जंगलों में होने की पुष्टि हो रही है। ग्राम गुबरा के समीप वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व का स्टॉप भी वाहन के साथ मौजूद है जो बाघिन की लोकेशन में लगा है

### रेंजर का कहना है कि ....

इस संबंध में तेन्दूखेड़ा रेंजर मेघा पटेल ने बताया सोमवार को सूचना मिली थी बीटगार्ड के माध्यम से ग्रामीणों को सूचित करवाया गया है। क्योंकि अधिकाश लोग जंगली क्षेत्र में महुआ बिनने और अन्य कार्यों से निकल जाते है। बगदरी के सर्किल ऑफिसर भगवान दास सेन ने बताया कि बगदरी ग्राम में सोमवार को मुनादी कराई गई थी। मंगलवार को बगदरी और टिपनी के लोगों को भी बाघिन के संबंध में जानकारी देकर अवगत कराया है

### वनमण्डलाधिकारी का कथन

एन 6 दो दिनों से दमोह जिले के सामान्य वनमण्डल में घूम रही है। इस पूरे मामले को लेकर दमोह वनमण्डलाधिकारी ईश्वर जरांडे ने बताया कि सोमवार को अंतिम लोकेशन बाघिन की घुटरिया बीट में मिली थी। बाघिन के गले में आईडी कालर लगा हुआ है। टाइगर रिजर्व के साथ तेंदूखेडा और तेजगढ़ का वन आमला भी बाघिन की निगरानी में है।

# क्षेत्र में गौ तस्करी रोकने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



अनुविभाग के कुछ थाना क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के माध्यम से गोवंश की कत्लखानों के लिए की जा रही तस्करी रोकने मंगलवार को हटा के गौसेवकों ने एसडीएम राकेश मरकाम एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उल्लेख कर बताया गया कि क्षेत्र में द्वारा रातों रात कुछ स्थानीय लोगों की मदद से गौ तस्करी की जा रही है, जिसकी सूचना गौसेवकों को मिलने पर जैसे तैसे मौके पर पहुंचते हैं लेकिन स्थानीय हमले का भय भी होता है। कई मामलों में गौ तस्करों ने फायरिंग भी की है और वाहन से कुचलने का प्रयास भी किया है। 5 वर्ष पूर्व हटा में ही यादव ढावा के समीप एक ट्रक चालक ने पुलिस पार्टी के ऊपर ट्रक चढ़ाने का प्रयास किया था लेकिन उसे किती तरह घेराबंदी करके पकड़े जाने पर उसमें लगभग 65 गौवंश भरे पकड़े गए थे। गौ-तस्करी की यह घटनाएं रनेह, रजपुरा एवं मडियादो थाना क्षेत्र अंतर्गत ज्यादा होती हैं जिससे इन थाना क्षेत्रों में पदस्थ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुस्त कार्यप्रणाली जिम्मेदार प्रतीत होती है। पिछले दिनों रजपुरा क्षेत्र के ग्राम हरदुटोला के पास गौसेवकों एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने अपने जान की बाजी लगाकर गौवंश से भरे ट्रक को पकड़ा था लेकिन उस मामले में अभी तक की गई कार्यवाही नाकाफी है। ज्ञापन के माध्यम से गोवा सेवकों ने अनुरोध किया कि अनुविभाग के समस्त थाना प्रभारियों के इस संबंध में गंभीरता बरतने हेतु निर्देशित करें साथ ही गौसेवकों की सूचना पर तुरंत एक्शन मोड में कार्यवाही की जाये एवं स्थानीय गौतस्करों की गतिविधियों पर नियमित रूप से नजर रखी जाये। क्षेत्र में बाहरी ट्रक या बाहरी व्यक्तियों से पूछताछ कर जांच की जाये। रात्रि कालीन गस्त के दौरान विशेष निगरानी की जाये। वही पिछले दिनों पकड़े गए ट्रक क्रमांक TS 08 UB 1829 को नियमानुसार राजसात करने की कार्यवाही की जाये।

## सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**हटा।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन के नेतृत्व में नगरपालिका सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सीएमओ के नाम ज्ञापन सौंपकर मांगें पूरी नहीं होने पर अनशन की चेतावनी दी है। यूनियन के तहसील अध्यक्ष सुनील सपेरा ने ज्ञापन देते हुए बताया कि सफाई कर्मचारियों के द्वारा कई बार अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जा चुका है। लेकिन कुछ मांगे अभी तक पूरी नहीं हुई जिससे सभी सफाई कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका में सफाई कर्मचारी की कमी है क्योंकि ड्राइवर की भर्ती हो रही है वहीं बाहरी ड्राइवर की भर्ती न करके सफाई कर्मियों में से ड्राइवर नियुक्त किए जाएं। नियमित एवं विनियमित कर्मचारियों को एरियस की राशि शीघ्र दी जाए। ज्ञापन के दौरान शैलेंद्र ,सत्यम पप्पू, रज्जू ,अजय, सतीश विजय, वीरेंद्र ,सूरज ,भगवानदास ,दीपक नरेंद्र, महिलाओं में प्रेमरानी, रेखा, कमला ,सीतारानी, माया ,अर्चना गीतारानी ,रूपा ,बबीता ,मालती सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# नर्मदा परिक्रमा पैदल यात्रा करने वालों के लिए धर्मशाला का हुआ भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सामाजिक संबंधों के विचार की अनवरत यात्रा में आज हम प्रदेश ही नहीं अखिल भारतीय स्तर में सर्व स्वर्णकार समाज का दिव्य दर्शन कर रहे हैं। इस हेतु नेक विचारों को संलग्न करते हुए महाराजा अजमेर देव धाम की भूमि पूजन एवं विराट आदर्श विवाह 30 नवंबर 2025 के प्रचार प्रसार के आरंभ करने समितियां के प्रतिनिधियों द्वारा निर्णय लिया गया कि जिस प्रकार पूर्व स्वर्णकार समाज की प्रमुख मांग स्वर्णिकाला बोर्ड की स्थापना की गई। उक्त विचार श्रीमती मंजू सोनी अध्यक्ष सर्व स्वर्णकार महिला उत्थान समिति ने उपस्थित सभी मध्य प्रदेश से आए सभी स्वर्णकार पदाधिकारी के बीच ग्राम देवरी पटपरा बरेला जिला जबलपुर मैं भूमि पूजन के समय व्यक्त किये। वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल सोनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी की शक्ति ही महान है मैं महिला संगठन के सभी पदाधिकारी का धन्यवाद करते हुए बधाई देता हूं कि आप सभी आगे बढ़े समाज व संगठन का नाम रोशन करें। 30 नवंबर को होने वाले विवाह सम्मेलन में जो आपका 51 जोड़े का लक्ष्य है हम सभी मिलकर इस कार्यक्रम को मिलकर भव्य व दिव्या बनाएंगे। कार्यक्रम को ओम प्रकाश सोनी भोपाल देवदत्त सोनी मैहर राजकुमार सोनी गंजबासौदा श्रीमती बालेंद्र सोनी राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ही उपस्थित पदाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। आगे बढ़ाने के लिए सभी ने अपना सहयोग प्रदान करने की बात कही।

## दीनदयाल रसोई का किया निरीक्षण



**हटा।** नगर पालिका द्वारा सिविल अस्पताल हटा में संचालित दीनदयाल अंत्योदय रसोई हटा का मंगलवार को खाद्य विभाग द्वारा संयुक्त टीम के साथ निरीक्षण किया गया। जिसमें अधिकारियों द्वारा केंद्र पर व्यवस्थाओं की स्थिति भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पेयजल की जांच की गई जिसमे केंद्र पर स्वच्छता की सराहना की गई। जांच टीम के जिला खाद्य अधिकारी राकेश अहिरवार, श्रीमती माधवी बुधौलिया खाद्य सुरक्षा अधिकारी, राजेंद्र खरे मुख्य नगर पालिका अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी शिव राय एवं राकेश कनवौवा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी की उपस्थिति रही।

## निगरानी शुदा 16 बदमाशों को वाउंडओवर किया

**दमोह।** थाना कोतवाली द्वारा आगामी त्यौहारों के शांतिपूर्ण मनाए जाने हेतु आदतन अपराधियों, निगरानी/ गुंडा बदमाशों को थाना कोतवाली में शिविर लगाकर वाउण्ड ओवर किया गया। जिला दण्डाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा आगामी दिवसों में पड़ने वाले त्योहारों के शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने हेतु ज़िला दमोह के आदतन अपराधियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के पालन में आज दिनांक 11.03.2025 को थाना कोतवाली में तहसीलदार दमयंतीनगर एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आनंद राज की उपस्थिति में शिविर लगाया गया। शिविर में 02 प्रकरण में 04 अपराधियो के विरुद्ध धारा 170 BNSS एवं 14 प्रकरणों में 14 अपराधियों के विरुद्ध धारा 126/135 BNSS के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई ।सभी अपराधियों को 50,000-50,000 रुपए की राशि से एक वर्ष की अवधि के लिए वाउण्ड ओवर किया गया।

## जेनरेटिव एआई और डिजिटल डिवाइड पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित

**दमोह।** शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, दमोह के कंप्यूटर साइंस विभाग में "सोशल मीडिया एल्गोरिदम, जेनरेटिव **AI** और डिजिटल डिवाइड" पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र विषय विशेषज्ञ निशांत सिंह ठाकुर, सोशल मीडिया एसोसिएट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा लिया गया, जो कॉलेज के 2014-2017 बैच के पूर्व छात्र भी हैं। निशांत इससे पहले भी इस तरह के सत्र ले चुके हैं और डिजिटल जागरूकता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कॉलेज के प्राचार्य टी.के. श्रीवास्तव और कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष ऋषि यादव के मार्गदर्शन में हुए इस सत्र में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम में सोशल मीडिया एल्गोरिदम के पब्लिक ओपिनियन पर प्रभाव, डीपफेक्स की बढ़ती समस्या और डिजिटल डिवाइड जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं और प्राचार्य ने इस सत्र को बेहद ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया। यह आयोजन **VIDYUT** पहल के तहत हुआ, जिसके अंतर्गत डिजिटल साक्षरता, **AI** का स्मार्ट उपयोग और डिजिटल डिवाइड को दूर करने के उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया। भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि युवा टेक्नोलॉजी की गहरी समझ विकसित कर सकें और डिजिटल असमानता को कम किया जा सके।

## अमृत महोत्सव के तहत एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन

**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. पी. चौधरी की अध्यक्षता में संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संविधान के अमृत महोत्सव के तहत एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने मौलिक अधिकारों के संरक्षण तथा मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने पर जोर दिया। इसी श्रृंखला में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ एन. पी. नायक जी ने संविधान के प्रति जागरूक होने के लिए छात्राओं को निर्देशित किया। हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. अवधेश जैन ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। विषय विशेषज्ञ के रूप में राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बृजेश मौर्य ने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों एवं अनुसूचियों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर के वायसराय की कार्यकारिणी में श्रम मंत्री के रूप में बनवाए गए अधिनियमों के बारे में छात्राओं को बताया। इस प्रकार डॉ आंबेडकर के संविधान निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के बारे में छात्राओं को अवगत करवाया।इस अवसर पर मंच संचालन करते हुए डॉ. राजेश कुमार पौराणिक ने मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के प्रति छात्राओं को जानकारी प्रदान किया। समिति सदस्य डॉ. अनुभा सोधिया ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की छात्राओं करिश्मा राज, रवीना राजपूत, आस्था दुबे तथा अपर्णा दुबे ने अपने विचार व्यक्त किये। समिति के सदस्य डॉ. अजय सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ राधा ताम्रकार, डॉ. प्रीति वर्मा, डॉ. प्रणव मिश्रा, डॉ. असलम खान, डॉ. दिनेश पटेल, डॉ. आभा अग्रवाल, डॉ. उमेश दीपंकर, डॉ. प्रिया थापा साहित संपूर्ण महाविद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# अज्ञात कारणों से घर में लगी आग, सामग्री खाक



**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को तेंदूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 7 में थाने के सामने दोपहर 11 बजे के आसपास एक घर में अचानक से आग लग जाने का घटनाक्रम सामने आया है। इस आगजनी में हजारों रुपए का नुकसान हुआ है प्राप्त जानकारी के अनुसार थाने के सामने रहने वाले सुखदेव विश्वकर्मा के घर में मंगलवार को अज्ञात लोगों के चलते घर में आग लग गई। आग की लपटे देखकर पूरा परिवार घर के बाहर आ गया और इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी गई जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित सुखदेव विश्वकर्मा ने बताया कि घटना सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे के बीच की है। अचानक से घर में धुआं धुआं मंडराने लगा तो देखा आग की लपटे घर से निकल रही थी जहां घर के अंदर आग लगी हुई थी। इस आगजनी में करीब एक लाख के आसपास पीड़ित सुखदेव विश्वकर्मा का नुकसान हुआ है आग किसी लगी इसकी किसी को जानकारी नहीं है। पीड़ित द्वारा शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की वहीं पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

## जबेरा में होली को लेकर शांति समिति की बैठक

**जबेरा।** पुलिस थाने में आज शाम शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सभी समुदायों के प्रतिनिधि और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान और नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा ने त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। मार्च में कई धार्मिक आयोजन



होने वाले हैं। 13 मार्च को होलिका दहन होगा। 14 मार्च को धुलेंडी और 19 मार्च को रंगपंचमी उत्सव को लेकर यह शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें प्रमुख रूप से होलिका दहन में आग बुझने तक विशेष निगरानी सहित बिजली की आपूर्ति एवं स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की 24 घंटे ड्यूटी सहित फायर ब्रिगेड टैंकर इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने बात बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों के द्वारा रखी गई एक और प्रमुख वही नगर की दूसरी प्रमुख समस्या में नॉन स्टॉप बसों को नगर में प्रवेश नहीं दिया जाए इन बसों को जबेरा बाईपास से निकल जाए एवं बस स्टैंड पर पार्किंग की व्यवस्था की जाए ताकि सड़क पर बसों एवं आटो के खड़े होने की वजह से संभावित सड़क हादसों को रोका जा सके बैठक मे जनप्रतिनिधि विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारी मौजूद थे। पुलिस ने होली पर्व एक दिन पहले से शांति व्यवस्था के बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित कर हुड़दंगियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के इरादों का इजहार कर दिया है बैठक में सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन,मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, सरपंच शिवलाल धुर्वे, रवि शंकर बाजपेई, रानू नामदेव, सुनील सिंघई,नीरज जायसवाल,सुदीप अवस्थी पुलिस स्टाफ की उपस्थिति रही।

# बाजार पर होली का रंग, गुलाल और पिचकारियों से सजी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



होली का पर्व नजदीक आते ही बाजार में रंग-गुलाल व पिचकारी की दुकानें सज गई हैं। दुकानदारों ने बच्चों से लेकर बड़ों तक का ख्याल रखा है। पिचकारी हो या रंग-गुलाल या फिर टोपी, मुखौटा व बाल सहित दूसरे आइटम दुकानों में सभी की पसंद का सामान उपलब्ध है। रंग-पिचकारी के अलावा खान-पान की दुकानें भी लग गई है। मिठाई में गुझिया जैसे आइटम और नमकीन की खरीदारी शुरू है। घर में बनाने की सामग्री के साथ बाजार में रेडीमेड खाद्य सामग्री भी उपलब्ध है। लोग जरूरत व इच्छा के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। नगर के बाजार में दुकान लगाने वाले डब्बू सेठ बताते हैं कि इस बार पिचकारी में त्रिशूल, डमरू, हथौड़ा व राकेट की बेरायटी आई है। बच्चों के लिए पूर्व की भाति भी पिचकारी उपलब्ध है। गुलाल में हर्बल कलर के अलावा पानी वाले रगों में कई वैरायटी मिल रही है। होली पर मुखौटा लगाने व टोपी पहनने के साथ ही लोग रंग बिरंगें बाल भी लगाते हैं। बड़ों से लेकर बच्चों तक के इस शौक का भी ख्य रखाय गया है। बताया कि पिचकारी 20 रुपए से लेकर 200 रुपए तक में उपलब्ध है। इसी प्रकार टोपी 20 रुपए से लेकर 100 रुपए तक और बाल 100 रुपए तक में उपलब्ध हैं। क्षेत्र मै भी बाजार में भी दुकानें सज गई हैं। रेडिमेड मिठाई की ज्यादा मांग होली के मद्देनजर मावा की अभी से मांग बढने लगी है। बढ़ी मांग के बीच इस समय मावा भी 200 से 300 के बीच प्रति किलोग्राम तक पहुंचा है। मावा विक्रेता आनंद यादव का कहना है कि होली के मद्देनजर मांग बढ़ी है, लेकिन गत वर्षों मै जितनी मांग आई थी उतनी नहीं आ रही है। लोग गुझिया हो या अन्य मिठाई, घर में बनाने के बजाए रेडिमेड मिठाई लेना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसलिए फुटकर में मावा की मांग गत वर्षों की तुलना में कम है।

### आधी रात में होगा होलिका दहन

होली 14 मार्च को मनाई जाएगी। इससे एक दिन पहले 13 मार्च को होलिका दहन होगा। इस बार होलिका दहन के समय भद्रा का छाया रहेगा। इसलिए होलिका दहन आधी रात में किया जाएगा। पं. गोपाल शास्त्री ने बताया कि होलिका का पूजन गुरुवार को शाम को 6 से 9 के बीच में कर सकते हैं। लेकिन दहन का शुभ मुहूर्त भद्रा समाप्त होने के बाद मध्य रात्रि में 11 बजकर 28 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट के बीच रहेगा और इसके बीच ही दहन करना शुरू होगा। बताया कि 13 मार्च गुरुवार को भद्रा सुबह 10.37 बजे से रात्रि 11.28 तक रहेगी। इसलिए इसके बीच होलिका दहन नहीं किया जा सकता है।

## जनसुनवाई में 193 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 193 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 35 आधार कार्ड अपडेशन, 05 पी.एम. किसान सम्मान निधि के आवेदन प्राप्त हुए एवं 152 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही विशेष जनसुवाई में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत 03 आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदक धरमदास जाटव ने ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन करवाने के संबंध में आवदेन देने पर कलेक्टर श्री कोचर ने दूरभाष के माध्यम से आवदेक की परिवहन अधिकारी श्री सोनी से बात करवाई। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### खबर संक्षेप

## चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के पंजीयन की अंतिम तिथि 17 मार्च

**दमोह।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 हेतु चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन के पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 निर्धारित की गई थी, जिसे शासन द्वारा बढ़ाकर 17 मार्च 2025 निर्धारित कर दी गई है। उप-संचालक कृषि श्री प्रजापति नें समस्त किसान बंधुओ से आग्रह किया है, निर्धारित अवधि में चना, मसूर एवं सरसों का पंजीयन ई-उपार्जन पोर्टल पर निर्धारित पंजीयन केंद्रों, सीएससी सेंटर, कियोस्क सेंटर या एमपी किसान ऐप के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।

## होलिका दहन 14 को एवं धुरेड़ी 15 मार्च को

**दमोह।** पुजारी पुरोहित कर्मकाण्ड महासंघ के अध्यक्ष पं.राहुल पाठक ने बताया कि लोक विजय पंचागानुसारेण के अनुसार फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 14 मार्च शुक्रवार को हालिका दहन है। परमा धुरेड़ी 15 मार्च को भाई दोज 16 मार्च को एवं रंगपंचमी उत्सव 19 मार्च बुधवार को सनातन संस्कृति एवं शालीनता के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा।

### परिजनों ने जिला अस्पताल के बाहर शव रखकर किया प्रदर्शन

# प्रसव के बाद महिला की मौत के बाद से आक्रोश शव रखकर किया प्रदर्शन, लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला अस्पताल में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है बाद रात की हो या फिर दिन की। डॉक्टरों की कमी के बीच मरीजों की अनदेखी लापरवाही जैसे हालत में बीते बारह घंटे में दो जुड़वा बच्चों सहित दो माताओ की मौत हो जाने के दुखद घटनाक्रम ने अस्पताल के सिस्टम बनाम व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला अस्पताल गेट के बाहर मंगलवार शाम मृतिका के परिजनों ने स्ट्रेचर पर रखे शव के साथ देर तक प्रदर्शन करते हुए



डॉक्टर पर लापरवाही तथा सिस्टरो के भरोसे अस्पताल चलने के आरोप लगाए। दरअसल फारुख खान की पत्नी साहिबा 21 वर्ष को दो दिन पहले डिलीवरी हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी नॉर्मल डिलीवरी बताई गई थी। सिस्टर के भरोसे डिलीवरी के बाद महिला की ब्लीडिंग ज्यादा होने से हालत बिगड़ गई। चार यूनिट ब्लड लगने के बाद भी हालात में सुधार नहीं हुआ तो डॉक्टर ने जबलपुर रेफर कर दिया। जबलपुर ले जाते समय रास्ते में दोपहर 2 बजे साहिबा की मौत हो जाने पर परिजन वापस जिला अस्पताल लेकर आ गए। करीब 3 घंटे बाद तक तहसीलदार के बयान लेने नहीं पहुंचे तथा पोस्टमार्टम आदि की कार्रवाई नहीं होने से परिजनों के सब्र का बांध टूट पड़ा तथा यह लोग स्ट्रेचर पर रखे शव के साथ अस्पताल के बाहर आ गए। देर तक मेन गेट के बाहर प्रदर्शन चलता रहा। वही बाद में तहसीलदार ने समझाइस देकर प्रदर्शन खत्म कराते हुए परिजनों के बयान लिए। इसके बाद यह प्रदर्शन खत्म हुआ। बताया जा रहा है कि लगातार ब्लीडिंग की वजह से खून की कमी के कारण प्रसूता की मौत हुई है इसकी जिम्मेदारी लेने को डॉक्टर तैयार नहीं है। इसके पूर्व दमोह जिला अस्पताल में बीती रात दो जुड़वा बच्चों और उनकी मां की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई थी। इस मामले की मौत की खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

## गर्भवती महिला और उसके जुड़वा बच्चों की मौत के मामले से उठे गंभीर सवाल

सोमवार देर रात जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोलने वाला एक दर्दनाक मामला सामने आया है। एक गर्भवती महिला,आरती ठाकुर 29 वर्ष निवासी मगरोन जिसकी हालत बिगड़ने पर निजी हॉस्पिटल से जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन वहां शिफ्टिंग के दौरान उसकी मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, महिला के गर्भ में दो बच्चा पल रहे थे, लेकिन उन्हें भी नहीं बचाया जा सका , परिजनों ने आरोप लगाया कि महिला का सीजर ऑपरेशन जिला अस्पताल में किया जाना था, लेकिन डॉक्टरों की टीम उपलब्ध थी या नहीं, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। यदि समय पर सही उपचार मिलता, तो शायद जच्चा और उसके दोनों बच्चे बच सकते थे। मृतका के पति लोकेंद्र ठाकुर ने बताया कि उनकी पत्नी और बच्चों की जान सही समय पर इलाज न मिलने की वजह से गई। उन्होंने प्रशासन से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी इस मामले पर खुलकर सामने नहीं आया है। कुल मिलाकर रेफर केंद्र बनकर रह गए जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं की खबरों के बाद व्यवस्था में सुधार के बजाय लापरवाही व अव्यवस्थाओं पर स्पष्टीकरण देने की तरफ ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है।

# जंगल में लगी आग



**मडियादो।** पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र के बफर जोन मडियादो के अंतर्गत आने बाली बीट चोरइया के वन चौकी के पास मंगलवार दोपहर आग लग गई। लमती घाटी के पास जंगल मे लगी आग से बहुत से छोटे पैड-पौधे जल गए । जिसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पन्ना टाइगर रिजर्व प्रबंधन को दी गई। सूचना के बाद स्थानीय वनकर्मी ओर नियुक्त फायर वाचर जंगल की आग को वुझाते दिखे। दो घंटे की अथक मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। इन दिनों जंगलों में आग लगने की घटनाएं अक्सर सामने आती जिसका बड़ा कारण जंगलों के मार्गो से गुजरने वाले लोग धूम्रपान करते समय आग छोड़ देते जिससे जंगल में आग छोटा रूप लेकर बड़े रूप में बदल जाती ।

# सड़क किनारे सरिया रख रहे दुकानदार, बड़े हादसे का डर



**तेंदूखेड़ा।** स्टेट हाईवे के दोनों तरफ निश्चित दूरी को छोड़कर ही कोई निर्माण कार्य कराया जा सकता है। नियमों का उल्लंघन करते हुए किए गए अवैध निर्माण और अतिक्रमण को तोड़े जाने का प्रावधान है। प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने के नाम पर कई बार मुहिम भी चलाई गई, जो हमेशा गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों तक ही सीमित रही लेकिन तेंदूखेड़ा से गुजरने वाले रहली जबलपुर स्टेट हाइवे तहसील के पास पेट्रोल पंप के सामने अंशु ट्रेडर्स पर प्रशासन का ध्यान आज तक नहीं गया जो अवैध निर्माण कर सड़क तक 40 फूट लोहे की सरियों का कई कुंतल बिण्डल रखे हुए हैं जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी होती है और बड़े हादसे का खतरा बना हुआ है। दुकानों के बाहर दिनभर ट्रैक्टर-ट्रॉली व हाथ ठेले खड़े रहते है। जिनसे सरियों का परिवहन कराया जाता है। ठेलों पर सरिया पूरी तरह नहीं आता है और आगे की ओर 15 तो पीछे की ओर भी लगभग 15 फीट तक बाहर निकला होता है। सड़कों से गुजरते समय हाथ ठेला पर लदे सरिया ट्रैफिक को तो प्रभावित करते ही है, साथ ही हादसों को भी आमंत्रण देते हैं

## दमोह जिला जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 तथा संशोधन अधिनियम 2002 (अधिनियम) की धारा-3 के अंतर्गत दमोह जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करते हुये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जिसके अनुसार जिले में प्राकृतिक रूप से बहने वाली नदी-नालों तथा तालाबों में उपलब्ध पानी एवं भूमि सतह के नीचे पानी का घरेलू उपयोग एवं पशुधन के रख रखाव के प्रयोजन के अतिरिक्त पानी की निकासी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। भवन निर्माण (शासकीय निर्माण कार्य को छोड़कर) जिसमें पानी का अत्यधिक उपयोग होता है, पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। अधिनियम की धारा-6(1) के अंतर्गत संपूर्ण जिले में अशासकीय व निजी नलकूप खनन करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। दमोह जिले की सीमा क्षेत्र की सीमा में नलकूप/बोरिंग मशीन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुमति के बिना कोई नलकूप खनन नहीं करेगी। जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीनों जो बिना अनुमति नलकूप खनन/बोरिंग कर रही हों को जप्त कर, पुलिस में एफ.आई.आर. दर्ज कराने का अधिकार होगा। उक्त आदेश के उल्लंघन के संबंध में कोई भी व्यक्ति दमोह हेल्प लाईन नं. 07812-350300 पर सूचना/शिकायत कर सकता है।

## पिकअप ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारी

**दमोह।** कुंडलपुर मार्ग पर हिंडोरिया थाना अंतर्गत मंगलवार रात तेज रफ्तार पिकअप के द्वारा बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मारे जाने का घटनाक्रम सामने आया है। हादसे में गंभीर दोनो युवको के सिर से ज्यादा रक्त स्त्राव हो जाने से एक की मौत की खबर आ रही है। पिकअप वाहन में शराब भरी होने की बात सामने आई है। हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लुहर्रा के पास हुए मंगलवार रात तेज रफ्तार पिकअप क्रमांक एमपी 17 जी 1582 ने बाइक क्रमांक एमपी 34 एमओ 9930 को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक शहर दोनों युवक सड़क से उछल कर दूर जा गिरे। और काफी देर तक मौके पर पड़े रहे। बाद में घायलों को हिंडोरिया के अस्पताल ले जाया गया। जहां से उनको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## बुलेरो की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत, दो बच्चे गंभीर

**दमोह** जिले के पथरिया में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो स्कूली बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं। घटना देर रात की है जब पिपरोधा गांव के स्कूली बच्चे परीक्षा समाप्त कर भोपाल से दमोह लौटे थे। इन्हें लेने उनके अभिभावक स्टेशन पहुंचे थे। इसी दौरान बबलू पटेल अपनी बेटी और गांव की एक लड़के को बाइक पर बैठाकर घर जा रहे थे कि पथरिया विरागोदयजैन मंदिर के पास तेज रफ्तार बुलेरो वाहन क्रमांक MP 04 CG 8882 ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। पीछे आ रहे ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान बबलू पटेल की मौत हो गई, जबकि दोनों बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बाद पथरिया पुलिस ने बुलेरो वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त गाड़ी में कई लोग सवार थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और वाहन चालक की तलाश जारी है।

## आधे से ज्यादा विभाग प्रभारियों के भरोसे

**पथरिया।** क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व बदलने के बाद लगा क्षेत्रीय विधायक मंत्री होने से शायद अब कार्यालयों में कुछ परिवर्तन होगा और अधिकारी की पदस्थापना हो जाएगी लेकिन करीब 14 महीने बीतने को है फिर भी अनुविभाग मुख्यालय अंतर्गत आने वाले विभागों में प्रभारी अधिकारी है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व पुलिस को छोड़कर वाकि तहसील कार्यालय में तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओं, एसडीओं, नगर परिषद सीएमओं, स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी सीबीएमओं, मंडी सचिव जबेरा को अतिरिक्त प्रभार पथरिया, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी पथरिया को बटियागढ़ का अतिरिक्त प्रभार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी,शासकीय महाविद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय में प्रभारी कन्या उच्चतर माध्यमिक में वर्षो से प्राचार्य नही है कुल मिलाकर 80 प्रतिशत विभाग प्रभारियों के भरोसे चल रहे हैं शासन की तबादला नीति में सूची कितनी जारी हो पर पथरिया का नाम नही मिलता कारण जो भी हो पर जहां जो प्रभारी है उनकी कार्यकाल में ऐसा काम हों रहा कि जनप्रतिनिधियों की नजर में भी सब कुछ ठीक चल रहा है या फिर एडजस्ट करके चलना कहें कि क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व बदलाव के बाद भी किसी विभाग में कोई बदलाव नही हुआ। सब कार्य चल रहें हैं अपने आप में एक चर्चा का विषय जरूर बना रहता है कि पहले जो अधिकारी रहें वही अब भी सत्ताधारी पार्टी के लिए अच्छा काम कर रहे होंगे हालांकि जितने भी प्रभारी अधिकारी हैं वह समय के हिसाब से अपना पाला बदल लेते हैं और अब वह नये जनप्रतिनिधि के कार्यालय में अपनी दस्तक दे रहे हैं कि जैसा भी हो पर बदलाव ना हो जाए पथरिया कि खासियत है कि जो भी अधिकारी कर्मचारी यहां पदस्थ हो जाए तो वह जाने का नाम नहीं लेता बदलें में कुछ भी कर लेंगे तबादला की सुनते ही चक्कर लगाने लगेंगे कि जैसे भी रूक जाए इसलिए 14 महीने बीत जाने के बाद भी कोई बदलाव की चर्चा तक नही हो रही है। मतलब जैसे पहले चलता रहा वैसे अब भी चलता रहेगा।

# कलयुग में मुक्ति का साधन है श्रीमद् भागवत महापुराणः स्वामी अनंताचार्य

**हटा।** नगर के नायक तिगड्डा श्री कौशलाधीश मंदिर प्रांगण में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण के सप्तम दिवस कथा व्यास जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य जी महाराज पीठाधीश्वर महाकाली महाविद्या सिद्ध हनुमान पीठ रनेह वालों ने बताया कि धरती के ऊपर एक दैत्य पैदा हुआ जिसका नाम था भोमासुर उसने देव माता अदिती का अपमान किया गुरु बृहस्पति का अपमान किया देवताओं का सुमेरु पर्वत छीन लिया स्वर्ग पर राज्य कर लिया यह बात जब भगवान को पता चली तो भगवान सत्यभामा को साथ में लेकर उसकी नगरी में प्रवेश किए दरवाजे पर मुर नाम का एक दैत्य बैठा हुआ था जिसके पांच सिर थे भगवान ने उसका संघार किया और भगवान का नाम मुरारी हुआ आगे बढ़कर के भगवान ने भोमासुर के साथ युद्ध किया और उसका वध किया जब उसके अंदर जेल खोला गया तो उसमें 16100 राजकुमारी बंद थी उन राजकुमारी से भगवान ने विवाह किया क्योंकि एक स्त्री बिना रिश्ते के अगर किसी के साथ रहे तो समाज बदनामी करता है श्री कृष्ण से बड़ा जगतगुरु



दुनिया में कोई दूसरा नहीं हुआ श्रीकृष्ण से बाद न्यायाधीश दुनिया में कोई दूसरा नहीं हुआ भगवान श्री कृष्ण ने उन 16100 कन्याओं के साथ विवाह किया और कुल मिलाकर भगवान श्री कृष्ण की 16108 रानी पटरानियां हुई प्रत्येक रानी से 10 पुत्र और एक कन्या का जन्म हुआ इस प्रकार भगवान के एक लाख इकसठ हजार अस्सी पुत्र एवं 16108 बेटियां थी भगवान ने धर्म की स्थापना धरती पर की। सुदामा जी महाराज को दो लोक की संपत्ति देकर के बराबरी का दर्जा दिया और इसके बाद गोलोक की यात्रा की सुखदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को 7 दिन भागवत की कथा सुनाई अंत में कलयुग का प्रभाव सुनाया। कलयुग के प्रभाव को बताते हुए सुखदेव जी भगवान ने कहा कि हे राजन कलयुग में मुक्ति का केवल और केवल एकमात्र उपाय भगवान की भक्ति भगवान की शरणागति श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा है। अतः जो कथा मैंने आपको सुनाई उसका पुण्य आपको प्राप्त हो और आपकी सद्गति हो इतना आशीर्वाद देकर सुखदेव भगवान अपने धाम को चले गए और परीक्षित ने योग के माध्यम से भगवान में अपने प्राणों को समर्पित कर दिया। तक्षक ने परीक्षित महाराज के निस्तेज शरीर को डसा है इसीलिए सर्प के काटने से जो अधोगति होती है वह महाराज परीक्षित की नहीं हुई भागवत सुनने से परीक्षित महाराज का मोक्ष हो गया इसी के साथ कौशलाधीश मंदिर प्रांगण नायक तिगड्डा में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण की पुनीत पावन कथा का विराम हुआ।

# शांति समिति ने होली को सद्भाव से मनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें होली के त्योहार को शांति और सद्भाव के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। समिति के सदस्यों ने सभी त्योहारों को मिलजुलकर मनाने का संकल्प लिया। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी सहित जिले के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि प्रशासन सभी अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करेगा और व्यवस्थाओं के लिए अलग से बैठकें आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि होली और रंगपंचमी के साथ-साथ रमजान के महीने को भी ध्यान में रखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित



की गई है। कलेक्टर ने बताया कि यह पुनर्गठित शांति समिति की पहली बैठक है और इसमें महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिन पर विचार किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा कि बैठक में शहर और जिले के विभिन्न क्षेत्रों के सदस्य शामिल हुए और उन्होंने शांतिपूर्ण त्योहार मनाने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात करेगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने दमोह की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखने और सभी त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने का संकल्प लिया।

# पटेरा में शांति समिति की बैठक संपन्न

## पुलिस आज नगर में निकालेगी पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

नगर व थाना क्षेत्र में होली पर्व शांति सदभाव भाईचारे शालीनता से मनाने पुलिस थाना परिसर में शांति कमेटी की बैठक थाना प्रभारी सरोज ठाकुर द्वारा आहूत की गई। थाना प्रभारी ने सभी सदस्यों से कहा कि होली पर्व परंपरानुसार शांति सदभाव से मनाने आप सभी सुझाव दें व सहयोग करें जिससे अच्छी तरह से पर्व मनाये जायें। सदस्यों ने बताया कि सदभाव व भाईचारा से यहां पर्व मनाये जाते है। संवेदनशील ग्राम व नगर के संवेदनशील वार्डो की थाना प्रभारी को जानकारी दी। होलिका दहन करने समय व साऊंड, स्पीकर, परीक्षाओं को ध्यान में रखकर बजाने की बात पुलिस ने कही। 14 को रंग धुरेडी यहां सामान्य रहती है की जानकारी दी गई। रंग पंचमी को परंपरानुसार वंशी वाले भगवान रंग खेलने रिकलते है जो आयोजन रात भर चलता है जिसकी जानकारी



पुलिस को अलग से समिति देगी। अवैध शराब विक्री कम हो व पुलिस सजग सक्रिय रहे। विद्युत व्यव्स्था सुचारू हो एवं जल निगम या परिषद जो भी नल खोलने का कार्य कर रही है वह नल जरूर खुलें जैसी बाते भी सदस्यों ने कही। थाना प्रभारी ने पुलिस की वाहन गश्त स्थानी डयूटी प्वाइन्ट व अन्य व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की। पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था बनाये रखने का संदेश देने के लिये आज 12 को पैदल मार्च निकालने की बात भी थाना प्रभारी ने की। बैठक में अन्य विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। राजस्व निरीक्षक परषोत्तम कुशवाहा, पटवारी धमेन्द्र, गौरव नामदेव, विद्युत मंडल से रहवर खान तो नगर परिषद से चौरसिया, कमलेश नामदेव, व सुनील पांडे उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख रूप से नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद, हाजी शमशुद्दीन पहलवान, बद्री पटेल, पुष्पेन्द्र सोनी, वीरेन्द्र ताम्रकार, नरेन्द्र बजाज, बलराम पटेल, शंकर तंतुवाय, डॉ सदाकत खान, सरपंच परषोत्त्म कुशवाहा, मुरारी प्यासी, अमर सिंह, गोविन्द चौरसिया, उमेश ताम्रकार, बेनी चौरसिया, लक्ष्मीकांत, कन्नू पार्षद, वहीद खान सहित सभी सदस्यगण पत्रकारगण शामिल थे। अंत में थाना प्रभारी ने सभी का आभार माना। पुलिस स्टाफ का सहयोग रहा।

### सगरा में चल रहा श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान

# कर्मों की दिशा तय करती है जीवन की दिशा : प्रबुद्ध सागर जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिस्य मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी महाराज एवं मुनि श्री निर्दोष सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में 7 मार्च से 15 मार्च तक सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। बहुत ही सुंदर और प्रेरक विचार है! प्रबुद्ध सागर महाराज जी ने कहा कि हमारे कर्मों की दिशा और उनके परिणामों के बीच एक गहरा संबंध है। यदि हम अपने कर्मों में सच्चाई, निष्ठा, और अच्छे इरादे से काम करते हैं, तो हमें उसका फल भी अच्छा मिलेगा। हमारे कर्मों के परिणाम हमारे हाथ में हैं। आगे मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी महाराज ने आज अपने प्रवचनों में दमोह में हुई उस गर्भवती गौ माता की हत्या पर दुख जताया और कहा कि इतनी क्रूरता क्यों करी जा रही है। उस मूक प्राणी के साथ जिसने भी यह कृत किया है। उसने मानवता को ही तार तार कर दिया इस घटना को




अंजाम देने वालों ने इंसानियत को ही खत्म कर दिया क्या होगा इस भारत का जहां पर कभी दूध की नदियां वहां करती थी जिसको सोने की चिड़िया कहा जाता था जिसने पूरे विश्व को सत्त अहिंसा का पाठ पढ़ाया भारत में देश में भूकंप आने का सबसे बड़ा कारण इन मुक पशुओं की निर्मम हत्या के समय निकली चीख से ही देश में भूकंप आ रहे हैं। क्योंकि उनमें भी ब्रह्म का अंश है। गुरुदेव विद्यासागर जी ने सैकड़ो जगह है नवोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला खुलवाई है और मैं भी सकल जैन समाज के श्रद्धालुओं से कहता हूं कि एक गौशाला यहां भी खुलनी चाहिए। जिससे मूक पशुओं की हत्या होने से बचाया जा सके। सकल जैन समाज ने गुरु वचनों का पालन करने का निर्णय लिया। ग्राम सगरा के सरपंच जिनेश कुमार जैन ने कहा कि शासन के दिशा निर्देश और नियमों का पालन करते हुए इसकी जल्द से जल्द भूमिका बनाई जा रही है। हम सभी आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के नाम से यहां एक गौशाला बनाने का निर्णय कर रहे हैं। जिसमें सभी चौबीसा की जैन समाज ने इसका समर्थन किया और इस अवसर पर समस्त चौबीसा की जैन समाज की लोगों की उपस्थिति रही।